RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 345 | नागौर, 27 नवम्बर, 2022 (रविवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# राजस्थान में अब जमने लगा पारा, और तेज होगी ठंड

## माउंट आबू में 2 डिग्री पर पहुंचा तापमान, जयपुर में पहली बार 10 के करीब

जयपुर.

राजस्थान में सर्दी के तेवर बढ़ते ही जा रहे हैं। माउंट आबू में सबसे ठंडा रहा और प्रदेश में इस एक मात्र हिल स्टेशन में न्यूनतम तापमान गिरकर 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सीकर के फतेहपुर में शुक्रवार रात में पारा 3.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जयपुर में भी ठंड बढ़ने लगी है। इस सीजन में पहली बार यहां सबसे कम तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी में न्यूनतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस के पास दर्ज किया गया।

इसी तरह से पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर, चूरू जिलों में बीती रात न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी गई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान में अगले 4-5 दिन मौसम ऐसे ही शुष्क बना रहेगा और सर्दी का असर और तेज होगा।

### माउंट आबू में जीरो के तरफ बढ़ा पारा

सिरोही जिले में स्थित माउंट आबू में लगातार चौथे दिन तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। यहां अब पारा जमाव बिंदु के नजदीक 2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। माउंट आबू में अब कारों की छतों और मैदानों में ओस की बूंदें जमती नजर आईं। पेड़-पौधों की पत्तियों पर बर्फ की परत जमने लगी है।।



### शेखावाटी में 2 डिग्री तक लुढ़का तापमान

राज्य के सबसे ठंडे माने जाने वाले शेखावाटी क्षेत्र में तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई है। सीकर में न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस था, जो शुक्रवार रात गिरकर 6 डिग्री पर आ गया। यहां सुबह-शाम और रात में जबर्दस्त ठंड पड़ रही है। ऐसे ही चूरू में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे लुढ़क गया। यहां रात में न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उधर, मेवात रीजन के अलवर में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरकर न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

### दिन-रात के तापमान में 25 डिग्री सेल्सियस तक का अंतर आया

रात में तापमान भले ही 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है, पर दिन धूप अच्छी हो रही है। अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चूरू समेत कई शहरों में दिन और रात के तापमान में 20 से 24 डिग्री सेल्सियस का अंतर आ रहा है। चूरू में शुक्रवार को दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस था। रात में पारा गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला गया।

### एक सप्ताह तक बना रहेगा ऐसा ही मौसम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान समेत मध्य भारत के राज्यों में अगले एक सप्ताह तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मौसम में अब बदलाव कोई नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने के बाद ही देखने को मिलेगा। फिलहाल एक सप्ताह तक उत्तर भारत में कोई सिस्टम के एक्टिव होने की संभावना नहीं है। इस कारण पूरे राजस्थान में अगले एक सप्ताह तक मौसम बिल्कुल साफ रहेगा और तेज धूप निकलेगी। कई जगहों पर तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

# संविधान को समझें युवा, कई समस्याएं खुद हो जाएंगी हल : मोदी

नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान के चलते ही आज देश के गरीब और महिलाएं सशक्त हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज तमाम मुश्किलों को पीछे छोड़ आगे बढ़ रहा है। पीएम ने कहा कि युवाओं को देश के संविधान की जानकारी होना जरूरी है, जब वो इसे जानेंगे तो उन्हें कई सवालों के जवाब खुद मिलेंगे।

### विश्व की निगाहें भारत पर टिकी

पीएम ने कहा कि आज के वैश्विक हालात में पूरे विश्व की निगाहें भारत पर टिकी हैं। भारत के तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और इसकी मजबूत वैश्विक छवि के चलते दुनिया हमें बड़ी उम्मीदों के साथ देख रही है। पीएम ने कहा कि इसके पीछे सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान ही है।

### 26/11 आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ही के दिन मुंबई में 26/11 आतंकी हमला हुआ था। पीएम ने कहा कि 14 साल पहले जब भारत अपने संविधान और नागरिकों के अधिकारों का जश्न मना रहा था, तब मानवता के दुश्मनों ने भारत पर सबसे बड़ा आतंकी हमला किया था। हमले में जान गंवाने वालों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

### ई-कोर्ट परियोजना को किया लांच

इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने सबसे पहले ई-कोर्ट परियोजना की शुरुआत की। इस परियोजना के तहत वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, डिजिटल कोर्ट और जस्टिस मोबाइल एप 2.0 शुरू की जाएगी। पीएम ने लांचिंग के बाद कहा कि 1949 में आज ही के दिन स्वतंत्र भारत ने अपने लिए एक नई भविष्य की नीव डाली थी। इस बार का संविधान दिवस इसलिए भी विशेष है क्योंकि भारत ने अपने आजादी के 75 वर्ष पूरे किए हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले एक ट्वीट के जरिए संविधान देने वाले देश के महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र के लिए अपने दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 2015 से 26 नवंबर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इससे पहले, इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था।

**अटॉर्नी जनरल बोले- सामाजिक विभाजन को मिटाने की जरूरत**-अटार्नी आर वेंकटरमनी ने कार्यकर्म को संबोधित करते हुए कहा कि जाति और अन्य सामाजिक विभाजन की कुछ हानिकारक समस्याओं को मिटाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समानता का दावा जटिल है और नए विभाजन पैदा किए बिना कानून, समाज और अदालतों के बीच समन्वय के लिए आवास बनाया जाना चाहिए।

# इशरो ने एक साथ लॉन्च किए 9 सैटेलाइट

नई दिल्ली।



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन : इसरो ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में पीएसएलवी-सी54 रॉकेट लॉन्च किया। इशरो ने पीएसएलवी सी54/ ईओएस06 लॉन्च किया, इसे ओशनसैट-3 के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 8 नैनो उपग्रहों को लॉन्च किया गया। पीएसएलवी-सी54 ने शुक्रवार सुबह 10.26 बजे शुरू हुई 25.30 घंटे की उलटी गिनती के बाद शनिवार को सुबह 11.56 बजे उड़ान भरी। यह इसरो के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान की 56वीं और विस्तारित पीएसएलवी-एक्सएल संस्करण की 24वीं उड़ान है। जबकि प्राथमिक उपग्रह को कक्षा-1 में अलग किया जाएगा, रॉकेट के प्रणोदन बे रिंग में पेश किए गए दो ऑर्बिट चेंज थ्रस्टर्स बाद में कक्षा को बदल देंगे। यात्री पेलोड (पीपीएल) को कक्षा-2 में विभिन्न कक्षाओं में स्थापित किया जाएगा। ग्राहक पेलोड भूटान के लिए इसरो नैनो सैटेलाइट-2 (आईएनएस-2बी), आनंद, एस्ट्रोकास्ट के चार उपग्रह और थायबोल्ट के दो उपग्रह हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि मिशन इसरो द्वारा किए गए सबसे लंबे मिशनों में से एक होगा क्योंकि उन्हें कक्षाओं को बदलने के लिए रॉकेट को संलग्न करना होगा। ईओएस-06ओशनसैट श्रृंखला में तीसरी पीढ़ी का उपग्रह है। जिसका उद्देश्य उन्नत पेलोड विनिर्देशों के साथ-साथ अनुप्रयोग क्षेत्रों के साथ ओशनसैट-2 अंतरिक्ष यान की सेवाओं में निरंतरता प्रदान करना है। वैज्ञानिकों ने कहा कि प्राथमिक उपग्रह का अन्य उद्देश्य परिचालन अनुप्रयोगों को बनाए रखने के लिए महासागर के रंग और पवन वेक्टर डेटा की डेटा निरंतरता सुनिश्चित करना और अच्छी तरह से स्थापित अनुप्रयोग क्षेत्रों में सेवा देने के लिए संबंधित एल्गोरिदम और डेटा उत्पादों को विकसित करना और सुधारना है।

# 26/11 मुंबई हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि

## आतंकवाद से मानवता को खतरा, जयशंकर ने 26/11 मुंबई हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया

नई दिल्ली।

मुंबई में हुए ताज होटल पर हमले के 14 साल हो चुके हैं। वो दर्दनाक मंजर आज तक लोग भूल नहीं सकें हैं। भूलना भी नहीं चाहिए क्योंकि आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए ऐसे हमलों को भूल जाता कायरता होगी। हर साल 26/11 मुंबई हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी जाती हैं। 26/11 के दिन ताज के बाहर लोग इकठ्ठा होते हैं और शहीदों के बलिदान को याद करते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के पीड़ितों को याद किया, जिन्होंने 2008 में देश को झकझोर कर रख दिया था।

### आतंकवाद से मानवता को खतरा

जयशंकर ने ट्विटर पर कहा, आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है और जो लोग मुंबई हमले के लिए जिम्मेदार थे उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। एस जयशंकर ने लिखा- आज 26/11 को दुनिया अपने पीड़ितों को याद करने में भारत के साथ है। जिन्होंने इस हमले की योजना बनाई और निगरानी की, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। हम दुनिया भर में आतंकवाद के हर शिकार के लिए इसका एहसानमंद हैं। 2008 में लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों (एलईटी) ने 12 समन्वित गोलीबारी और बमबारी हमलों को अंजाम दिया जिसमें कम से कम 166 लोग मारे गए और 300 घायल हो गए। पिछले महीने, भारत



ने काउंटर-टेररिज्म कमेटी की भारत की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की दो दिवसीय आतंकवाद विरोधी बैठक की मेजबानी की।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने पीड़ितों को याद किया

इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस घातक घटना के पीड़ितों को याद किया और सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने एक ट्विटर पोस्ट में लिखा 26/11 #MumbaiTerrorAttacks की बरसी पर, राष्ट्र उन सभी को कृतज्ञता के साथ याद करता है जिन्हें हमने खो दिया। हम उनके प्रियजनों और परिवारों के स्थायी दर्द को साझा करते हैं। राष्ट्र उन सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरु को किया याद, कहा- वादों को करना है पूरा

नई दिल्ली।

संविधान दिवस के मौके पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु को याद किया। चीफ जस्टिस ने देश की आजादी की रात दिए गए नेहरु के संबोधन को याद किया। उन्होंने कहा, अतीत हमसे अभी भी कुछ हद तक हमसे जुड़ा हुआ है और हमें वादों को पूरा करने के लिए काफी कुछ करना है। इस क्रम में उन्होंने देश की आजादी की रात पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु द्वारा दिए गए भाषण को याद किया।

सुप्रीम कोर्ट में संविधान दविस के मौके पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजीजू व चीफ जस्टिस समेत अनेक लोग मौजूद थे। चीफ जस्टिस ने आजादी के पहले हाशिए पर खड़े समुदाय के संघर्ष को बयां करते हुए कहा, संविधान की नींव सबसे पहले उन्होंने ही रखी। चीफ जस्टिस ने मार्टिन लूथर किंग जूनियर के एक कथन को याद किया।

## बिहार सरकार का नया ऐलान

# शराब का धंधा छोड़ें, 1 लाख रुपये का इनाम पाएं

नई दिल्ली

बिहार में शराब पर प्रतिबंध को और मजबूत करने के लिए, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में अवैध और नकली शराब के व्यापार के खतरे से निपटने के लिए एक नया तरीका निकाला। सीएम कुमार ने कहा कि उनकी सरकार आजीविका कमाने के लिए शराब का कारोबार छोड़ने वालों को 1 लाख रुपये की राशि देगी। यह योजना बिहार में शराबबंदी की पृष्ठभूमि में आई है। कानून 2016 में लागू किया गया था और सूत्रों ने कहा कि कानून के पेश होने के बाद से लगभग चार लाख लोगों को आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया है

नीतीश कुमार ने ट्वीट करते हुए कहा कि नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर हम सभी तरह के नशे से मुक्ति का संकल्प लें तथा समृद्ध, स्वस्थ एवं खुशहाल बिहार हेतु नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। आइए हम सभी प्रकार के नशे से छुटकारा पाने का संकल्प लें और एक समृद्ध, स्वस्थ और खुशहाल बिहार के लिए नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। शराब का



अवैध कारोबार छोड़ने वालों को एक लाख रुपये की छूट देने की योजना के बारे में बोलते हुए, सीएम कुमार ने कहा कि यह न केवल शराब बेचने वालों पर लागू होगा, बल्कि ताड़ी का व्यापार करने वालों पर भी लागू होगा।

नीतीश कुमार ने कहा कि अगर वे ताड़ी का कारोबार छोड़ देते हैं और नीरा (ताड़ का पेय) बनाना शुरू कर देते हैं। कुमार ने कहा कि बिहार में शराब का सेवन करने वालों की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन इसका कारोबार करने वालों की नहीं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि व्यापारियों को इसलिए नहीं पकड़ा गया क्योंकि वे गरीबों को घर-घर शराब पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा, गरीबों को पकड़ने की जरूरत नहीं है। हम यह योजना उन गरीबों के लिए लाए हैं जो थोड़ी सी शराब या ताड़ी बेचते हैं।

# सरदारशहर उपचुनाव से पहले रिणवां-डूडी ने जॉइन की बीजेपी




जयपुर.

सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव की जनसभा के दौरान कांग्रेस पार्टी से दो बड़े नेता राजकुमार रिणवां और जयदीप डूडी बीजेपी में शामिल हो गए। रिणवां पिछली वसुंधरा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। जबकि डूडी पूर्व संसदीय सचिव रहे हैं। राजकुमार रिणवां की कांग्रेस से बीजेपी में घर वापसी हुई है। पिछले विधानसभा चुनाव में चूरू के रतनगढ़ से विधानसभा टिकट कटने पर नाराज होकर रिणवां ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया था। जयदीप डूडी ने कहा- गहलोत और पायलट की आपसी लड़ाई में कांग्रेस उलझकर रह गई है। इससे क्षेत्र के किसानों और आम जनता का बड़ा नुकसान पिछले 4 साल में हुआ है। इसलिए मैं बीजेपी में आया हूँ। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने मंच से कहा- अभी भी भरोसा नहीं है प्रदेश की गहलोत सरकार की जिन्दगी कितनी बची है।

अब गहलोत मौजूदा सरकार के 4 साल होने पर फिर से बीजेपी में शामिल होकर रिणवां ने सियासी मैसेज भी दे दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य और पूर्व संसदीय सचिव जयदीप डूडी ने भी कांग्रेस पार्टी छोड़कर बीजेपी का दुपट्टा पहन लिया है। बीजेपी प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने दुपट्टा पहनाकर दोनों नेताओं का बीजेपी पार्टी के परिवार में स्वागत किया।

**गहलोत-पायलट की आपसी लड़ाई में उलझी कांग्रेस**-जयदीप डूडी ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा मैं पूर्व में भादरा से विधायक रह चुका हूँ। पंचायत समिति प्रधान भी रहा। मेरे पिता चौधरी लालचंद डूडी भैरोंसिंह सरकार में दो बार मंत्री रहे। मेरा विधानसभा क्षेत्र हनुमानगढ़ जिले में है और लोकसभा क्षेत्र चूरू लगता है। नोहर-भादरा चूरू लोकसभा में आते हैं। कांग्रेस में सीएम गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की आपसी लड़ाई में पार्टी का नुकसान हुआ है। मैं इनकी आपसी लड़ाई में किसी ग्रुप के साथ नहीं था। मेरा सीधा हिसाब है, भादरा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पिछले 4 चार साल में उपेक्षा हुई है। कांग्रेस आपसी लड़ाई में उलझी रही।

# ऐश्वर्या के ऑनस्क्रीन पिता विक्रम गोखले का निधन



नई दिल्ली

दिग्गज एक्टर विक्रम गोखले का 77 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में अंतिम सांस ली। वो पिछले 18 दिनों से हॉस्पिटलाइज थे। उनकी हालत बुधवार से ही नाजुक बनी हुई थी और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। शुक्रवार को उनकी हालत में कुछ सुधार भी हुआ था लेकिन मल्टी ऑर्गन फेलियर की वजह से शनिवार दोपहर को उनकी मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर पुणे के बाल गंधर्व रंगमंदिर में रखा जाएगा और अंतिक संस्कार आज शाम को पुणे के वैकुंठ श्मशान भूमि में होगा।

**फिल्मी बैकग्राउंड से ताल्लुक रखते थे**-विक्रम गोखले मराठी थिएटर, हिंदी सिनेमा और टेलीविजन में काफी एक्टिव थे। वो फिल्म एक्टर चंद्रकांत गोखले के बेटे थे। विक्रम गोखले की दादी कमलाबाई गोखले इंडियन सिनेमा की पहली फीमेल चाइल्ट आर्टिस्ट थीं।

**ऐश्वर्या राय के पिता के रोल में नजर आए थे**-विक्रम गोखले संजय लीला भंसाली की फिल्म हम दिल दे चुके सनम में ऐश्वर्या के पिता के रोल में नजर आए थे। इसके अलावा वो भूल भुलैया, दिल से, अग्निपथ दे दना दन, हिचकी, निकम्मा, और मिशन मंगल जैसी फिल्मों का भी हिस्सा थे।

## सम्पादकीय

# राजनीति में अपराधी

हर बार लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव में प्रत्याशियों और निर्वाचित होकर आने वालों में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों की संख्या कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। इसका ताजा उदाहरण गुजरात विधानसभा के चुनाव हैं। अभी इसके पहले चरण के लिए पर्चे भरे गए हैं, जिसमें नवासी सीटों पर इक्कीस फीसद प्रत्याशी आपराधिक छवि के उतरे हैं। पिछले चुनाव में इनकी संख्या पंद्रह फीसद थी। अभी दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी तो इस संख्या में कुछ कमी-बेशी हो सकती है। हैरानी की बात है कि कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है, जिसने आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों से परहेज किया हो। यहां तक कि राजनीतिक शुचिता का दम भरने वाली आम आदमी पार्टी ने सबसे अधिक, तेरह फीसद प्रत्याशी, आपराधिक पृष्ठभूमि के खड़े किए हैं। खुद प्रत्याशियों ने अपने हलफनामे में यह बात स्वीकार की है। उसके बत्तीस में से छब्बीस उम्मीदवारों पर गंभीर अपराध के मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह कांग्रेस के अठारह और भाजपा के ग्यारह उम्मीदवारों पर गंभीर अपराध के मुकदमे चल रहे हैं।

राजनीति में कई बार प्रतिद्वंद्वी दलों द्वारा रंजिश के चलते या सबक सिखाने की गरज से नेताओं पर मुकदमे थोप दिए जाते हैं। आंदोलनों आदि के दौरान भी उन पर मुकदमे दर्ज होते हैं। ऐसे मामलों को राजनीति से प्रेरित मान कर प्राय: नजरअंदाज कर दिया जाता है। मगर हत्या, बलात्कार, सार्वजनिक धन का गबन, चुनाव संबंधी अपराध, जिनमें पांच साल से अधिक कैद का प्रावधान है, गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं।

राजनीतिक दलों से अपेक्षा की जाती है कि ऐसे लोगों को चुनाव मैदान में उतारने से परहेज करें। मगर आजकल राजनीतिक दलों का जोर प्रत्याशियों के चरित्र पर नहीं, उनके जीतने की संभावना पर रहता है, इसलिए वे दबंग किस्म के लोगों को ज्यादा अनुकूल पाते हैं। यही हाल धनबल वालों का है। जिसके पास अधिक धन है, जो किसी भी राजनीतिक दल को आर्थिक रूप से अधिक मदद करने में सक्षम हैं, उन्हें राजनीतिक दल चुनाव का टिकट पकड़ा देते हैं। अक्सर गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वालों के पास धनबल भी अधिक होता है और राजनीतिक संरक्षण पाने की मंशा से जीत की संभावना वाले राजनीतिक दल का दामन थाम लेते हैं। उनमें से बहुत सारे चुनाव जीत भी जाते हैं।

राजनीति में आपराधिक छवि के लोगों की बढ़ती पैठ इसलिए चिंता का विषय है कि उनके सत्ता में आने से न सिर्फ उन पर चल रहे मुकदमों में न्याय प्रभावित होता, बल्कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना चुनौती बना रहता है। फिर सबसे बड़ा लोकतांत्रिक सैद्धांतिक सवाल सदा अनुत्तरित रह जाता है कि जिन लोगों को खुद कानून की परवाह नहीं, उन्हें कानून बनाने का अधिकार ही क्यों दिया जाना चाहिए।

मगर चूंकि साफ-सुथरी छवि वालों की अपेक्षा धनबल और बाहुबल वाले मतदाताओं पर दबाव बनाने और उन्हें रिझाने में अधिक कामयाब देखे जाते हैं, इसलिए राजनीतिक दल उनसे निकटता रखने में परहेज नहीं करते। कुछ तो राजनीति में दबंगई एक बड़े मूल्य की तरह स्थापित होती गई है, इसलिए भी राजनीतिक पार्टियां ऐसे लोगों को अपने साथ जोड़े रखती हैं। मगर इस प्रवृत्ति से लोकतंत्र को कितना नुकसान पहुंचता है, इस पर सोचने का मौका किसी दल के पास नहीं है।

# समता और सम्मान की चुनौतियां

**2030 तक विश्व के सभी देश अपने वैश्विक एजेंडे के अंतर्गत न केवल गरीबी उन्मूलन और भुखमरी की समाप्ति, बल्कि स्त्री-पुरुष समानता के साथ लैंगिक न्याय हासिल करने को लेकर जद्दोजहद कर रहे हैं। ऐसे में बहुआयामी लक्ष्य के साथ लैंगिक न्याय को प्राप्त करना किसी भी देश की कसौटी है और भारत इससे परे नहीं है। लिंग आधारित समस्याओं का बने रहना न केवल देश में बहस का मुद्दा खड़ा करता है, बल्कि विकास के पैमाने को भी अवरुद्ध बनाए रखता है। विश्व बैंक ने बरसों पहले कहा था कि अगर भारत की पढ़ी-लिखी महिलाएं कामगार हो जाएं तो देश की जीडीपी सवा चार फीसद रातोरात बढ़ सकती है। यहां ध्यान दिला दें कि अगर यही विकास दर किसी तरह प्राप्त कर ली जाए, तो जीडीपी दहाई में होगी और पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के सपने को भी पंख लग जाएंगे। बेशक भारतीय समाज में लिंग असमानता का मूल कारण इसकी पितृसत्तात्मक व्यवस्था रही है, मगर इसकी यह जड़ अब उतनी मजबूत नहीं कही जा सकती। भारत में महिलाओं के लिए बहुत से सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं।**



**भारत** दुनिया में सबसे युवा आबादी वाला देश है। अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की आधी आबादी भारत समेत महज नौ देशों में होगी। किसी भी देश में बच्चे, चाहे बेटा हो या बेटी, भविष्य की पूंजी होते हैं। इन्हें गरिमा और सम्मान के साथ परवरिश और समतामूलक दृष्टिकोण के साथ अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने की जिम्मेदारी व्यक्ति और समाज की है। मगर जब विषमताएं और लैंगिक भेदभाव किसी भी वजह से जगह बनाती हैं, तो यह समाज के साथ-साथ देश के लिए भी बेहतर भविष्य का संकेत नहीं है। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक 2022 के आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत दुनिया के एक सौ छियालीस देशों में एक सौ पैंतीसवें स्थान पर है, जबकि 2020 के इसी सूचकांक में एक सौ तिरपन देशों में एक सौ बारहवें स्थान पर था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में लैंगिक भेदभाव की जड़ें कितनी मजबूत और गहरी हैं। सवाल है कि इस असमानता के पीछे बड़ा कारण क्या है। आर्थिक भागीदारी और अवसर की कमी के अलावा शिक्षा प्राप्ति में व्याप्त अड़चनें, स्वास्थ्य और उत्तरजीविता तथा सशक्तिकरण को इसके लिए जिम्मेदार समझा जा सकता है। 2022 के इस आंकड़े में आइसलैंड, जहां इस मामले में शीर्ष पर है वहीं निम्न प्रदर्शन के मामले में अफगानिस्तान को देखा जा सकता है। हैरत यह भी है कि पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव और भूटान की स्थिति भारत से बेहतर है, जबकि दक्षिण एशिया में पाकिस्तान और अफगानिस्तान का प्रदर्शन भारत से खराब है। यह भी गौरतलब है कि कोविड के चलते व्याप्त मंदी ने महिलाओं को भी प्रभावित किया और लैंगिक अंतराल सूचकांक में तुलनात्मक गिरावट आई। यह तथ्य है कि लैंगिक असमानता को जितना कमजोर किया जाएगा, लैंगिक न्याय और समानता को उतना ही बल मिलेगा। संविधान से लेकर विधान तक और सामाजिक सुरक्षा की कसौटी समेत तमाम मोर्चों पर लैंगिक असमानता को कम करने का प्रयास दशकों से जारी है, मगर अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य है। यहां लैंगिक आधार पर भेदभाव को व्यावहारिक और सैद्धांतिक दोनों दृष्टियों से समाप्त करने का प्रयास जारी है।

हालांकि कई ऐसे कानून मौजूद हैं, जो लैंगिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन करते हैं। इसमें समुदाय विशेष के पर्सनल ला भी हैं, जहां ऐसे प्रावधान निहित हैं, जो महिलाओं के अधिकारों को न केवल कमजोर करते, बल्कि भेदभाव से भी युक्त हैं। समान नागरिक संहिता को संविधान के नीति निदेशक तत्त्व के अंतर्गत अनुच्छेद 44 में देखा जा सकता है। चूंकि भारत लैंगिक समता के लिए प्रयास करने वाला देश है, समान आचार संहिता एक आवश्यक कदम के रूप में समझा जा सकता है। इसके होने से समुदायों के बीच कानूनों में एकरूपता और पुरुषों तथा महिलाओं के अधिकारों में बीच समानता स्वाभाविक रूप से आएगी। इतना ही नहीं, विशेष विवाह अधिनियम 1954 किसी भी नागरिक के लिए, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, 'सिविल मैरिज' का प्रावधान करता है। जाहिर है, इस प्रकार किसी भी भारतीय को किसी भी धार्मिक व्यक्तिगत कानून की सीमाओं के बाहर विवाह करने की अनुमति देता है। शाहबानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत उसके पक्ष में निर्णय दिया था, जिसमें पत्नी, बच्चे और माता-पिता की देखभाल के संबंध में सभी नागरिकों पर लागू होता है। इतना ही नहीं, देश की शीर्ष अदालत ने लंबे समय से लंबित समान नागरिक संहिता अधिनियमित करने की बात भी कही। 1995 के सरला मुद्गल मामला हो या 2019 का पाउलो कोटिन्हो बनाम मारिया लुइजा वेलेंटीना परोरा मामला, सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार से समान आचार संहिता लागू करने के लिए कहा। गौरतलब है कि समान नागरिक संहिता लैंगिक न्याय की दिशा में भी एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल व्यक्तिगत कानूनों की सीमाओं में जकड़ी असमानता को रोका जा सकेगा, बल्कि स्त्री की प्रगतिशील अवधारणा और उत्थान को भी मार्ग दिया जा सकेगा। अत्याचार आज भी खतरनाक स्तर पर है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता, मगर यही महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी दमदार उपस्थिति भी दर्ज करा रही हैं। सिविल सेवा परीक्षा में तो कई अवसर ऐसे आए हैं, जब महिलाएं न केवल प्रथम स्थान पर रही हैं, बल्कि एक बार लगातार चार स्थानों तक और एक बार लगातार तीन स्थानों तक महिलाएं ही छाई रहीं। उक्त परिप्रेक्ष्य एक बानगी है कि लिंग असमानता या लैंगिक न्याय को लेकर चुनौतियां तो हैं, मगर वक्त के साथ लैंगिक समानता भी आई है। दहेज प्रथा का प्रचलन आज भी है, जिसे सामाजिक बुराई या अभिशाप तो सभी कहते हैं, मगर इस जकड़न से गिने-चुने ही बाहर हैं। कन्या भ्रूण हत्या पर कानून बने हैं, फिर भी यदा-कदा इसका उल्लंघन होता रहता है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में बावन फीसद महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार हैं। यह भी लैंगिक न्याय की दृष्टि से चुनौती बना हुआ है, जबकि घरेलू हिंसा कानून 2005 से ही लागू है। महिलाओं को आज की संस्कृति के अनुसार अपनी रूढ़िवादी सोच को भी बदलना होगा। पुरुषों को महिलाओं के समांतर खड़ा करना या महिलाएं पुरुषों से प्रतियोगिता करें, यह समाज और देश दोनों दृष्टि से सही नहीं है, बल्कि सहयोगी और सहभागी दृष्टि से उत्थान और विकास को प्रमुखता दे, यह सभी के हित में है। यह बात जितनी सहजता से कही जा रही है यह व्यावहारिक रूप से उतना है नहीं। मगर एक कदम बड़ा सोचने से दो और कदम अच्छे रखने का साहस अगर विकसित होता है, तो पहले लैंगिक न्याय की दृष्टि से एक आदर्श सोच तो लानी ही होगी।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, लेकिन ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे हैं वे गलत दिशा में हों। धार्मिक या मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है। तीर्थयात्रा के योग हैं।

### वृषभ

गुस्से पर काबू रखना पड़ेगा। क्रोध के कारण नौकरी-धंधे की जगह या घर में मनमुटाव होने की संभावना रहेगी। अत्यधिक कार्यभार और खान-पान में लापरवाही से आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

### मिथुन

समय से भोजन और नींद नहीं लेने के कारण मानसिक रूप से बेचैनी का अनुभव होगा। निर्धारित समय पर काम पूरा नहीं होने से रोष की भावना रहेगी। योग, ध्यान और आध्यात्मिकता से राहत मिलेगी।

### कर्क

आज दिन की शुरुआत आरामदायक, प्रसन्नतापूर्वक और स्फूर्ति के साथ करेंगे। मेहमानों और मित्रों के साथ पार्टी पिकनिक और समूह भोजन का आयोजन करेंगे। नए कपड़े, गहने और वाहन की खरीदारी का योग है।

### सिंह

मन में आनंद व्याप्त रहेगा। नए लोगों के प्रति आकर्षण अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में आपको सम्मान मिलेगा और लोकप्रिय बनेंगे। व्यापार में भागीदारी से लाभ होगा। दांपत्य सुख की प्राप्ति होगी।

### कन्या

आज के दिन आप चिंता रहित और खुश रहेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा। साथी कार्यकर्ताओं का सहयोग मिलेगा।

### तुला

स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। विरोधियों की चाल निष्फल रहेगी। आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। आपकी रचनात्मकता नया स्वरूप प्रदान कर सकेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात सुखद रहेगी।

### वृश्चिक

विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय कहा जा सकता है। किसी पुण्य काम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। आध्यात्मिकता में रुचि बढ़ेगी। आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं।

### धनु

शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है और अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति के कामों में सावधानी बरतें।

### मकर

आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी। मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कुंभ

संबंधों में हो रही भावना आपके मन को द्रवित कर देगी। परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें।

### मीन

वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन ग्लानि से भरा रहेगा। विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति में अवरोध उत्पन्न हो सकता है। आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है।

## बॉलीवुड समाचार

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'भेड़िया' की धीमी शुरुआत

### 6.50 करोड़ रहा फर्स्ट डे कलेक्शन, सातवें दिन भी दृश्यम 2 की नहीं थमी रफ्तार

वरुण धवन और कृति सेनन स्टारर फिल्म भेड़िया रिलीज हो चुकी है। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 6.50 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। करीब 3000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई फिल्म की कमाई के आंकड़े उम्मीद से कम बताए जा रहे हैं। वहीं दृश्यम 2 का सातवें का दिन का कलेक्शन भेड़िया के ओपनिंग डे कलेक्शन से ज्यादा है। हालांकि आने वाले वीकेंड में फिल्म भेड़िया की कमाई में इजाफा देखने को मिल सकता है।

**फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन महज 6.50 करोड़ :** 60 करोड़ के बजट में बनी भेड़िया ने रिलीज के पहले दिन 6.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन शेयर किया है। 3 नेशनल चेन- PVR, INOX और Cinepolis ने फिल्म के पहले दिन में 3.58 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। वहीं फिल्म का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 12 करोड़ रुपए है।

**भेड़िया पर भारी पड़ी दृश्यम 2 :** दूसरी ओर, दृश्यम 2 ने रिलीज के पहले हफ्ते में लगभग 105 करोड़ रुपए का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन किया है। दृश्यम 2 का सातवें का दिन का कलेक्शन भेड़िया से ज्यादा है। सातवें दिन



हिंदी बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कलेक्शन करीब 8 करोड़ है। इस हिसाब से दृश्यम 2 दूसरे हफ्ते में भी धमाल मचा रही है। अजय देवगन की दृश्यम 2 इस साल की दूसरी सबसे बड़ी ओपनर रही।

**भेड़िया फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में हो सकती है शामिल :** फिल्म भेड़िया के रिलीज के पहले ट्रेड एनालिस्ट्स को भरोसा था कि फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन शानदार रहेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर फिल्म पहले वीकेंड में अच्छी कमाई कर लेती है तो आगे कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वहीं कुछ ट्रेड एक्सपर्ट्स का ये भी मानना है कि आने वाले समय में भेड़िया बॉलीवुड की फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो सकती है जिसमें लाल सिंह चड्ढा, शमशेरा, रक्षा बंधन और कई अन्य फिल्मों का नाम पहले से दर्ज है।

# शाहरुख खान को सऊदी अरब में किया जाएगा सम्मानित, रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिया जाएगा अवार्ड

शाहरुख खान की एवरग्रीन फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे को सऊदी अरब में होने जा रहे रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जाएगा। इसके अलावा फिल्म के एक्टर और बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को उस सेरेमनी में सम्मानित भी किया जाएगा।

सऊदी के जेद्दाह शहर में होने जा रहे इस इवेंट में 10 दिनों तक फ्री में फिल्मों की स्क्रीनिंग और म्यूजिक फंक्शन आयोजित किया जाएगा। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने हाल ही में घोषणा की है कि वो शाहरुख खान को फिल्म इंडस्ट्री में इतने सालों की उनकी सर्विस के लिए सम्मानित करेगा। शाहरुख को ये अवार्ड इवेंट के उद्घाटन समारोह में दिया जाएगा। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के सीईओ मोहम्मद अल तुर्की ने कहा- हम शाहरुख खान को यह अवार्ड देने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। वो एक ग्लोबल सुपरस्टार हैं।

फिल्म इंडस्ट्री में 30 साल होने के बावजूद वो अभी भी इंडियन सिनेमा के सबसे सक्सेसफुल ऑइकन में से एक हैं। हम उनका वेलकम करने के लिए बिल्कुल एक्साइटेड हैं। शाहरुख ने भी आभार जताते हुए कहा है - मैं रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अवार्ड पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। सऊदी के लोग मेरी फिल्मों को काफी ज्यादा प्यार देते हैं। वे हमेशा मेरी फिल्मों को सपोर्ट करते हैं।

# दृश्यम 3 बनने में भी सात साल न लग जाए, अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी ने कहा- शायद अगले पार्ट में मेरी शादी हो जाए

दृश्यम 2 थिएटर्स में रिलीज चुकी है। अभिषेक पाठक के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म में अजय देवगन की बेटी अंजू का किरदार निभा रही एक्ट्रेस इशिता दत्ता की माने तो दृश्यम 2 एक बार फिर से ऑडियंस को थिएटर में बड़े तादाद में लाने में कामयाब रहेगी।

**फिल्म को लेकर काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा हैं, क्या कहना चाहेंगी :** मेरी नर्वसनेस तभी से ही शुरू हो गई थी जब पता चला की दृश्यम का दूसरा पार्ट बनने वाला हैं। सात सालों में लोग इस फिल्म को भूले नहीं हैं। जब ओरिजिनल मलयालम फिल्म आनाउंस हुई तो मुझे यकीन हो गया था कि ये फिल्म हिंदी में भी बनेगी। तभी से मैं बहुत उत्साहित थी क्योंकि बतौर एक्टर कई सवालों का जवाब जानना चाहती थी तो जाहिर हैं ऑडियंस भी जानना चाहते थे कि दृश्यम 2 में क्या होगा। आखिरकार



हम पिछले एक साल से जो तैयारी कर रहे थे वो लोगों तक पहुंचा और अब ऑडियंस का रिएक्शन बहुत अच्छा आ रहा है, तो जाहिर सी बात है कि मैं काफी खुश हूं।

**फिल्म की काफी तारीफ हो रही है, इस पर आपका क्या रिएक्शन है :** मैं दृश्यम के पहले पार्ट का हिस्सा बनने पर काफी गर्व महसूस करती थी क्योंकि एक बड़े लिगेसी का हिस्सा बनने का मौका मिला था। दृश्यम 2 के साथ भी ऐसा ही अनुभव रहा, इस सीक्वल का थिएटर में आने से पहले ही लोगों का एंटीशिपेशन लेवल काफी ज्यादा था। यहां तक की मेरे दोस्त भी मुझे ये फिल्म देखने के लिए बार-बार कह रहे हैं, वो भी फिल्म देखने का इंतज़ार नहीं कर सकते। इस बात में दो राय नहीं है कि अभी फिलहाल लोग थिएटर कम जा रहे है लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि दृश्यम 2 इस जिंक्स को तोड़ देगी और लोग फिर से थिएटर में बड़े तादाद में आना शुरू कर देंगे।

**फिल्म के दौरान सबसे चैलेंजिंग मोमेंट कौन सा था :** मेरा किरदार सात साल तक डर में था जिससे गलती में किसी का मर्डर हो जाता हैं। जिस ट्रॉमा से वो गुजरती है, उसे पर्दे पर दिखाना थोड़ा चैलेंजिंग था। किरदार को निभाना काफी मुश्किल था। बतौर एक्टर, मैं उसे रियल रखना चाहती थी, जो थोड़ा टफ था।

**क्या दृश्यम 3 भी बनेगी :** हां, मैंने भी देखा। बहुत सारी बातें शुरू हो गई है। जब दृश्यम-1 बनी तब उसके बाद सात साल लग गए दृश्यम 2 बनने में। उस वक्त हम सोचते थे कि फिल्म के दूसरे पार्ट में क्या होगा? अब जब दृश्यम 2 बन चुकी हैं तो मुझे पूरा यकीन हैं कि दृश्यम 3 भी बनेगा। शायद उस वक्त मेरी (फिल्म के इशिता का किरदार) शादी हो जाएगी, मैं अपने आप में ही एक कहानी बुन रही हूं। हां, कहानी चाहे जो भी होगी, अच्छी ही होगी क्योंकि कहानी बहुत दमदार हैं।



# कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बिखेरा कला का जादू

## श्री टैगोर महाविद्यालय में कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के झालरा रोड स्थित श्री टैगोर महाविद्यालय कुचामनसिटी में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय निदेशक सीताराम चैधरी एवं संस्था सचिव राजेश चौधरी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल, चित्रों व कलाकृत्तियों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि संस्था निदेशक सीताराम चौधरी ने बताया कि इस बार भी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम से बाहर निकलकर अपनी कला को प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि कला ही जीवन का महत्व है तथा कला के विविध रंग ही इसका प्राण है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मॉडल, स्केचिंग, पेटिंग, मूर्तियाँ, अप्लाईड आर्ट्स, बंदनवार, सिरेमिक व अनुपयोगी सामग्री में उपयोगी सामग्री चंडीगढ़ स्थित रॉक गार्डन की तर्ज पर निर्मित की। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं नें कला प्रदर्षनी में फोटो मेकिंग, डिजाइनिंग संबंधी कला को प्रदर्षित किया। इसी क्रम में बालिकाओं ने मेहंदी के महत्व को प्रतिपादित किया और बताया कि नायिका का श्रृंगार तब तक अधूरा है, जब तक उसके हाथों में मेहंदी न रची हो। अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी सामग्री निर्माण में पुराने अखबार व वस्तुओं से फोटों फ्रेम, झोपड़ी पेन स्टेण्ड, झुमकें, रंगोली, गणेश प्रतिभा, लेम्प व फुलवारी के साथ गमलों के निर्माण संबंधी जानकारी दी। फैशन डिजाइनिंग में विद्यार्थियों ने बच्चों की फ्रॉक, प्लाजों पेट, राजपूती



ड्रेस, चुन्नी घाघरा, कुर्त्ता, टॉप, गॉउन, के साथ कॉस्टयूम पोजीषन के बारे में डिजारन कला को प्रदर्षित किया।

### फैशन डिजाइनिंग के बढ़ता ऑनलाइन कार्य युवा पीढ़ी के लिए विकल्प

ट्रेड फेयर्स, फैशन इंडस्ट्री डिजाइनर्स के काम करने के तरीकों से बोध करवाया। इसके साथ ही फैशन डिजाइनिंग के बढ़ते ऑनलाइन कार्य क्षेत्र व रोजगार के साधनों का अच्छा और उभरता हुआ विकल्प युवा पीढ़ी के लिए बताया है। प्रदर्शनी को गति देते हुए संस्था सचिव राजेश चौधरी ने कहा कि इस प्रकार की कला में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए रोजगारोमुखी अवसर उपलब्ध होते है तथा भारतीय संस्कृति को एक नई दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण कार्य योजना है। इस प्रकार की कलाकृत्तियों को मेलों, उत्सवों पर प्रदर्षित करने से कला में क्रमबद्धता आती है।

### ये रहे विजेता

फैशन डिजाइनिंग में प्रथम स्थान किरण कुमावत व द्वितीय स्थान कोमल बेनिवाल ने प्राप्त किया। फोटोग्राफी में अतुल कुमार प्रथम रहें। मेहंदी प्रतियोगिता में मुस्कान खान प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान पर दिलषाद रहीं। रंगोली में प्रथम मनीषा भंवरीया व द्वितीय स्थान पर सुमन रहीं। पेटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सीमा माहिया व द्वितीय स्थान निकिता जोषी एवं तृतीय स्थान पर बजरंग लाल नें प्राप्त किया। स्केचिंग में वैभव प्रथम स्थान पर रहें व द्वितीय स्थान पर शैलेन्द्र एवं तृतीय स्थान पर साक्षी सोनी रही। अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी सामग्री बनाने में मधू कंवर प्रथम स्थान पर रही व द्वितीय स्थान पर रामेश्वरी रणवां और तृतीय स्थान पर निकिता जोशी रही। साज-सज्जा में प्रथम स्थान पर दीपिका पिलानिया व द्वितीय स्थान पर कोमल बेनिवाल एवं तृतीय स्थान पर गुड्डु रही। अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने बताया कि कला प्रदर्शनी से कला के प्रतिप्रेम व जिज्ञासा की प्रेरणा मिलती हैं जो विद्यार्थियों में सजृनात्मक प्रवृत्ति को बढ़ावा देने में सहायक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ मौजूद रहें।

# 'सिंबल ऑफ नॉलेज' अंबेडकर का योगदान भारतवर्ष व विश्व के लिए अनुकरणीय

## आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुचामनसिटी के महाराणा प्रताप सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का विषय 'राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान' था। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक डॉ. राजाराम प्रजापति ने करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संघर्षमयी जीवन जीते हुए शिक्षा ग्रहण की शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत बहुत से देशों के संविधान का अध्ययन कर भारत की भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक विषमताओं को देखते हुए। अनेकता में एकता, देश की संप्रभुता, धर्मनिरपेक्षता समानता का अधिकार, मौलिक अधिकारों का समावेश कर देश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए देश का खूबसूरत संविधान बनाया। 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ। आज हमारे



लिए गौरव का दिन है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मना रहे हैं।

**बाबा साहेब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर डाला प्रकाश :** राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता हैं। विचार गोष्ठी में छात्रा सरोज चौधरी, कोमल राठौड़, निशा पारीक, रवीना बिजारणिया, पूनम कंवर ने बाबा साहब अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। व्याख्याता प्रोफेसर कुन्नाराम बेड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में संवैधानिक मूल्यों को युवाओं को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

### देश के आगे बढ़ाने का ले संकल्प

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गौरीशंकर निमिवाल ने आभार जताते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर 'सिंबल ऑफ नॉलेज' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतवर्ष ही नहीं संपूर्ण विश्व को नई राह दिखाने वाले बाबा साहब के जीवन मूल्यों, आदर्शों व ज्ञान को अपनाकर हम सब मिलकर देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। इस अवसर पर निशिकांत छिपा, मुकेश कुमार ढाका, अश्विनी कुमार यादव, सुमन चौधरी, कंचन कंवर, श्रीमती पूनम राठौड़, विपुल भटेजा, रामावतार कुमावत, दीपक सीरवी, अनिल कुमार सेन, दीपक छिंपा, चंचल कसेरा, विष्णु माहेश्वरी सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। विचार गोष्ठी का संचालन छात्र गजेंद्र चौधरी ने किया।

# भीम आर्मी ने संविधान दिवस पर बाबा साहेब को किया याद



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** संविधान दिवस पर कुचामन के अम्बेडकर पार्क में संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करके संविधान दिवस मनाया। भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष विक्रम जोया ने बताया कि संविधान से देश को एक माला में पिरोना का काम बी आर अम्बेडकर ने किया। उन्होंने कहा था कि आज से राजा रानी के पेट से जन्म नहीं लेगा बल्कि जनता द्वारा चुना जाएगा। इस मौके पर मनजीत गांधी कुकनवाली, सुरेन्द्र कालावत केरपुरा, विनोद माहिच भूणी , आदित्य पांचवा, बजरंग गांधी कुकनवाली आदि मौजूद रहें।

# बालिका वेद विद्यालय का हुआ उद्घाटन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** जसवंतगढ़ में कन्या वेद स्कूल का उद्घाटन व मिश्र की 100 श्लोक पुस्तक का विमोचन किया गया। मोहरी देवी तापड़िया कन्या वेद विद्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी बजरंग लाल तापड़िया ने बताया कि लड़कियां भी वेद पढ़ने की अधिकारी है।

उपखंड अधिकारी अनिल कुमार ने संस्कृत शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा वर्तमान समय लड़कियों के लिए वेद पढ़ने का है। यदि छात्रा वेद पड़ती है तो इससे दो घरों का भला होता है इस शुभ अवसर पर सभी उपस्थित समुदाय से आह्वान किया कि सभी अपनी बेटी को वेद की शिक्षा अवश्य दें। सूरजमल तापड़िया अचार्य संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हेमंत कृष्ण मिश्र ने बताया कि राजस्थान संस्कृत अकैडमी जयपुर के द्वारा राजस्थान का यह पहला कन्या वेद विद्यालय है। जहां पर लड़कियां वेद का अध्ययन पाएंगी। तापड़िया के जन्म दिवस के उपलक्ष में एक तुलसी वाटिका की संकल्पना की गई तुलसी वाटिका में 89 तुलसी के पौधे लगाए गए। नगर पालिका के चेयरमैन रावत का ने बजरंग लाल तापड़िया को जन्मदिन की शुभकामना दी। कार्यक्रम में वैद्य रमेश कुमार पारीक , आयुर्वेद अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा, सेवानिवृत्त पुलिस एसएचओ गोपी राम चौधरी, संस्कृत भाषा के विद्वान बिहारी लाल शर्मा, कान सिंह राठौड़, नंदकिशोर गौड़, रामनिवास गोटिया, आचार्य ज्योति ने वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया एवं छात्राओं को वेद सिखाना प्रारंभ किया।

# सेवा कार्य कर मनाया लॉयन श्याम सुंदर मंत्री का जन्मदिन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लायंस क्लब कुचामनसिटी द्वारा लॉयन्स इंटरनेशनल के लगभग 190 लायंस क्लबों के प्रांत 3233-2 के प्रांतपाल 2024-25 के पद पर विजयी होकर लायंस क्लब कुचामनसिटी को लायंस इंटेनेशनल में अपनी अनूठी पहचान दिलाने वाले व अमिट छाप छोड़ने वाले सेवाभावी लायन श्याम सुंदर मंत्री का जन्मदिवस सेवा कार्य कर मनाया गया।

इस अवसर पर सभी लॉयन साथियों ने श्याम सुंदर मंत्री को शुभकामनाएँ भेंट की। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश डालुका ने बताया कि इस अवसर पर लायंस क्लब की प्रेरणा से मंत्री परिवार द्वारा सोनी देवी सोमानी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की



जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर भेंट किए गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश डालुका, लायन श्याम सुंदर सैनी, लायन सुभाष राँवका, लायन संजय राँवका, लायन हेमराज पारीक, लायन मनमोहन अग्रवाल, लायन नरेश जैन, लायन रोहित अग्रवाल, लायन कृष्णा मंत्री, विद्यालय स्टाफ रेखा शर्मा, उर्मिला शर्मा, उर्मिला पारीक, शहगुप्ता शहीन, नवरत्न और एलएनटी प्रशासनिक अधिकारी मृत्युंजय सिंह आदि उपस्तिथ रहे।

**अपना घर के जरूरतमंदों को करवाया भोजन :** लायंस क्लब अंतरराष्ट्रीय प्रांत 3233-ई-2 के उप-प्रांतपाल द्वितीय एवं गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत के राष्ट्रीय महासचिव लायन श्यामसुंदर मंत्री के जन्मदिवस पर लायंस क्लब कुचामनसिटी स्टार एवं गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत




इकाई कुचामनसिटी के सदस्यों ने कुचामनसिटी के अपना घर में सभी प्रभुजी को भोजन करवाकर जन्मदिन मनाया।

लायंस क्लब के संभागीय अध्यक्ष एवं गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति कुचामनसिटी के अध्यक्ष लायन श्याम सुंदर सैनी ने बताया कि हमारे प्रेरणा स्त्रोत, सेवा के पर्याय, जुझारू एवं कर्मठ कार्यकर्ता लायन श्याम सुंदर मंत्री का जन्मदिवस अपना घर में सेवा कार्य कर मनाया। इस अवसर पर लायंस क्लब कुचामनसिटी स्टार की लायन कृष्णा मंत्री, गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के उपाध्यक्ष मुरलीधर गोयल, सह सचिव अनंत तिवारी, सदस्य राजू राम नेहरा, गौशाला के अध्यक्ष नंद किशोर बिरला व अपना घर के व्यवस्थापक धनश्याम आदि उपस्थित थे।

# संविधान दिवस को लेकर डेगाना महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम आयोजित

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** एन.एस.एस के तत्वावधान में शनिवार को संविधान दिवस के उपलक्ष में डेगाना राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें एन.एस. एस. प्रभारी ओमप्रकाश ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस की प्रस्तावना, मूल कर्तव्य, मूल अधिकारों की जानकारी देते हुवे भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। सहायक आचार्य रमेश ईनाणियां ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 125 वीं जंयती के उपलक्ष मे विधि दिवस 26 नवम्बर को मनाया जा रहा है। इस अवसर महाविद्यालय सहायक आचार्य सुरेश कन्दोई ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# बालाजी महाविद्यालय में कड़वा का किया अभिनन्दन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शनिवार को बालाजी महाविद्यालय आसनपुरा कुचामनसिटी में एक सादा सम्मान समारोह आयोजित कर कॉलेज व्याख्याता भूगोल के पद पर राजस्थान में मेरिट लिस्ट में चौथा स्थान प्राप्त करने पर जगदीशराम कड़वा का अभिनन्दन किया गया। संस्था सचिव रामेश्वरलाल गावड़िया व प्राचार्य भंवरलाल रणवां ने जगदीश राम जाजड़ा को संस्था परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। गावड़िया ने इनकी मेहनत की प्रशंसा की तथा जाजड़ा ने अपने पढ़ने के तरीके व उद्देश्य के प्रति समर्पण भावना को साझा किया। इस अवसर पर व्याख्याता मनोहर लाल मीणा, नेमाराम, पंकज दाधीच, बजरंग निठारवाल, महावीर प्रसाद, जीवनराम जाजड़ा, राधाकृष्ण आदि ने स्वागत किया।



# एलियन पब्लिक स्कूल में 'एलियन प्रीमियम लीग' का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा नगरी कुचामनसिटी की अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एलियन पब्लिक स्कूल में शनिवार को एलियन प्रीमियम लीग का आयोजन हुआ, जिसमें शाला की दो टीमें गैलेक्सी क्रिकेट क्लब और सनराइज क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक क्रिकेट मैच हुआ। मैच का शुभारंभ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी, शिक्षाविद् गुलाब चौधरी, बीएस एफ मे असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में सेवारत डॉक्टर पंकज कुमार, समाजसेवी मदनलाल कुल्डिया, सेवानिवृत्त राजकुमार फौजी सहित अन्य अतिथियों द्वारा रोमांचित कर देने वाला एक ओवर खेलकर किया गया। सनराइज क्रिकेट क्लब विजेता रही। इस मैच में अक्षिता शर्मा बल्लेबाजी के दम पर मैन ऑफ द मैच रही।

कार्यक्रम में महेश पिपलोदा, जगदीश रांकावत, हेमाराम चौधरी, जितेंद्र कुमावत, पूरणमल कुमावत, सी.आर. कुमावत, अरुण सैनी, ओमप्रकाश कुमावत, शाला निदेशक सी आर कुमावत, सचिव संजना कुमावत, प्रिंसिपल रेखा मिश्रा , बी.एल. कुमावत, मुकेश कुमावत उपस्थित रहे। अंपायर की भूमिका युवराज दादरवाल व पवन शर्मा ने निभाई। मैच का आंखों देखा हाल अनिल शर्मा और सुरेश दादरवाल ने सुनाया।

इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी दिनेश चौधरी ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास दोनों होता है जो सफलता के लिए अति महत्वपूर्ण है।

# बोकाडिया को दादा साहब फाल्के आईकॉन अवार्ड मिलने पर दी शुभकामनाएं

## मीरां महिला मंडल की अध्यक्ष समाज सेविका उमा शर्मा रजत ने मशहूर फिल्मकार के सी बोकाडिया किया अभिनंदन



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** मेड़ता निवासी मशहूर फिल्मकार केसी बोकाडिय़ा के शनिवार को मेड़ता आगमन पर उनका कई जगहों पर अभिनंदन किया गया। बोकाडिय़ा के फिल्मी सफर के पचास साल पूर्ण होने एवं विगत दिवस मिले चौथे दादा साहब फाल्के आईकॉन अवार्ड फिल्म्स-2022 को लेकर मीरांबाई स्मारक में मीरां महिला मंडल की ओर से अध्यक्ष उमा शर्मा रजत के नेतृत्व में बोकाडिय़ा का जोरदार अभिनंदन किया गया। इस मौके पर फिल्मकार बोकाडिय़ा ने कहा कि मै मेड़ता का हूं और मेड़ता मेरा है, मीरां नगरी मेड़ता के लोगों की दुआएं हमेशा उनके साथ रही, यहा अपने लोगों के बीच आकर उनसे मिलकर उनको बहुत सुकून मिलता है। मीरां महिला मंडल अध्यक्ष उमा शर्मा रजत ने कहा कि हमे गर्व है कि मीरां नगरी मेड़ता की सख्शियत केसी बोकाडिय़ा ने फिल्म इन्डस्ट्रीज में सफलता पूर्वक अपने पचास साल पूरे करने के साथ ही दादा साहब फाल्के आईकॉन अवार्ड से नवाजा गया, हम भगवान चारभुजानाथ एवं मॉ मीरां से यही प्रार्थना कामना करते है कि बोकाडिय़ा ऐसे ही मेड़ता का नाम रोशन करते रहे। वहीं जी ब्रिलियंट स्कूल प्राचार्य सरिता पुरोहित ने उनकी स्कूल की मेजबानी में 27 नवम्बर से एक दिसम्बर तक आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय योगा प्रतियोगिता में एक दिसम्बर को समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। इस पर बोकाडिय़ा ने भरोसा दिलाया कि वे पूरा प्रयास करेंगे समापन समारोह में शिरकत करने की।

इस मौके पर मशहूर फिल्मकार बोकाडिय़ा को साफा बंधवाकर, भक्तशिरोमणी मीरांबाइ का स्मृति चिंह एवं माला भेंटकर मीरां महिला मंडल अध्यक्ष उमा शर्मा रजत, संरक्षक संतोष व्यास, सचिव बबीता सोनी, सरिता पुरोहित, सुधा दैया, भावना गुजराती सहित मंडल की कई महिलाओं ने सम्मान किया। वही बोकाडिय़ा ने मीरांबाई स्मारक का अवलोकन किया, इस दौरान स्मारक प्रबंधक नरेन्द्रसिंह, दीपक राखेचा, चन्द्रप्रकाश चौहान ने उनको स्मारक संबंधी जानकारी से अवगत कराया।

# बबूल का पेड़ काटने की बात को लेकर हुआ झगड़ा, लाठियों से पीट-पीटकर युवक की हत्या





## दो जने हुए घायल

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के ग्राम गोनरडा में शुक्रवार की रात को एक ही मेघवाल परिवार के दो पक्षों के बीच बबूल काटने की बात को लेकर हुये मामूली विवाद के बाद एक वृद्व को लाठियों से पीट पीट कर मार डाला। झगड़े में मृतक परिवार के एक दिव्यांग ओर एक वृद्व सहित दो जनो सिर, हाथ पैरों पर आई गभीर चोटों से बुरी तरह से घायल हो गये, जिनका पुलिस ने डेगाना अस्पताल में ईलाज कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डेगाना पंचायत समिति के ग्राम गोनरडा पुलिस थाना पादूकला में शुक्रवार के दिन खेत की सींव पर खड़े एक बबूल के पेड़ को काटने से दूसरे परिवार के लोग खफा हो गये तथा बबूल काटने वाले एक दिव्यांग नोरत राम जाति मेघवाल को लाठियों से मार कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। इस पर उसके परिजनों ने घायल नोरतराम को ईलाज कराने के लिए पादू लेकर गये, जहां पर मारपीट की ओर संभावना पर पादू पुलिस को सूचित किया। इस पर पादू थानाधिकिारी सुमन कुलहरी ने तुरंत मौके पर जाकर मारपीट के आरोपी सुखाराम मेघवाल सहित दो जनों को शांती भंग करने के आरोप मे पकड कर थाने ले आये, लेकिन मामला यंहा पर शांत नहीं हुआ ओर करीब रात को दस बजे के आस पास आरोपी चैनाराम पुत्र मलाराम, अमराराम पुत्र मलाराम, हरिराम पुत्र पुराराम, राजूराम पुत्र सुखाराम, सुखाराम पुत्र भींयाराम, सुनिल पुत्र हरिराम, अनीता पत्नी राजूराम, गेनी पत्नी सुखाराम ओर सन्तुडी पत्नी हरिराम ने मिलकर सुरजाराम पुत्र भींयाराम मेघवाल 65 साल के घर पर लाठियों से लैस होकर हमला बोल दिया तथा लाठियों से मारपीट शुरू कर दी, जिसमे सुरजाराम ने बताया की उसके भाई बंसीराम पुत्र भींयाराम उम्र 55 साल को बुरी तरह से लाठियों से पीट डाला, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए डेगाना अस्पताल लेकर आये तथा घायलों का भी ईलाज कराया। उधर सुरजाराम मेघवाल से रिर्पोट लेकर पादू पुलिस आरोपियों की धरपकड करने मे जुट गई। इस मौके पर वृताधीकारी डेगाना नदंलाल सेनी, सीआई डेगाना नरेन्द्र जाखड, पादू थानाधीकारी सुमन कुलहरी सहित पुलिस बल मोजूद रहा। ओर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया।

# राज्य स्तरीय राईफल शूटिंग प्रतियोगिता में 40 खिलाड़ी करेंगे नागौर जिले का प्रतिनिधित्व



## केसर देवी स्कूल में टीम के रवाना होने से पहले खिलाड़ियों का तिलक लगाकर किया गया अभिनंदन

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी के जोधपुर-बोरून्दा रोड के समीप स्थित केसर देवी स्कूल मे शनिवार को नागौर जिला राईफल शूटिंग एवं रोलर स्केटिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने जाने वाली टीम का तिलक लगाकर टीम को रवाना किया गया। केसर देवी स्कूल परिसर में आयोजित हुए अभिनंदन कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल प्रियंका बेहरा व निर्देशक उषा चौधरी ने खिलाड़ियों का यहां पर अभिनंदन कर उन्हें जीत के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका वाड्रा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बीकानेर में होगा इसके लिए मेड़ता सिटी से 15 खिलाड़ियों की एक टीम बीकानेर के लिए रवाना हुई है इसके साथ ही राइफल शूटिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जयपुर में आयोजित होगी जिसमें 40 खिलाड़ी नागौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।इस अवसर पर संस्था सचिव रुचिर चौधरी , सुमित सिंह ,विजय सिंह कानाराम जांगिड़, दिनेश घांची ,मंजुला सोनी व टीमों के प्रभारी,कोच, व अभिभावक उपस्थित रहे।

# सिद्धार्थ आदर्श विद्या मन्दिर में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित भैया बहिनों को किया गया सम्मानित



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शनिवार को सिद्धार्थ आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय के प्रांगण में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार अजयपाल झारोड़ा, मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मानाराम पचार ने की। विशिष्ट अतिथि मूण्डता ब्लॉक आरपी नृसिंहराम ईनाणियाँ रहे। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का उद्बोधन किया गया। विद्यालय की छात्रा तनु राठौर द्वरा संविधान कविता के माध्यम से सविधान कि प्रस्तावना का प्रस्तुतिकरण किया व राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित भैया बहिन कार्तिक कंदोई, पूजा भाक़ल, विकास, पीयूष जेठू, सुरेन्द्र का स्काई मार्शल आर्ट व क्रिकेट प्रतियोगिता में चयनित होन पर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवम् अतिथियों ने संविधान की शपथ का सामुहिक वाचन किया गया। नायब तहसीलदार व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने संविधान की प्रस्तावना व संविधान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। नृसिंह ईनाणियाँ ने भी संविधान की महता व प्रस्तावना में निहित संविधान उद्घोषणा समझाई। इस दौरान विद्यालय संस्था प्रधान संजय रामावत, सुनिल कुमार, सुभाष बिश्नोई, पाँचाराम लटियाल, रवीन्द्र, रोशन, शिवकुमार, सुरेन्द्र, रणवीर, परमेश्वरलाल, तेजाराम जेठू, राजेन्द्र, आदि स्टाफ उपस्थित रहें।

# संविदा कर्मियों ने नियमितीकरण को लेकर निकाला कैंडल मार्च

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** संविदा कर्मियों ने शनिवार शाम को कैंडल मार्च निकाला वरिष्ठ मदरसा पैराटीचर मकसूद खान खोखर ने बताया कि सरकार द्वारा लगातार संविदा कर्मियों के साथ अन्याय कर रही है और चारों ओर नियमितीकरण की झूठी वाह-वाह लूट रही है इसको लेकर सरकार ने संविदा कर्मियों के साथ धोखा किया है और उनके अनुभव को शुन्य मानकर नए सिरे से अनुभव की शुरुआत कर रही है इसको लेकर सभी संविदा कर्मियों ने शनिवार को शाम कैंडल मार्च निकालकर सरकार का विरोध किया और उनके पूर्व में अनुभव को को मानकर भर्ती तथा नियमितीकरण जल्दी किया जाए। संविदा कर्मियों में राजीव गांधी पैरा टीचर, मदरसा पैराटीचर, हॉस्पिटल संविदा कर्मी, पंचायत सहायक सहित संविदा कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ मदरसा पैराटीचर मकसूद खान खोखर, डेगाना ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शौकत खान, अशफाक खान, वरिष्ठ राजीव गांधी पैराटीचर भंवर लाल पूंदलोता, संजय रूणवाल, ताजुद्दीन अब्बासी, अमजद खान, रफीक खान, अमजद खान, राजू खान, अमजद खान, हाकम अली खान, जुबेर खान सहित डेगाना ब्लाक के सभी संविदा कर्मी उपस्थित रहे और सरकार के खिलाफ कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

# गौवंश सेवा केंद्र को इलेक्ट्रॉनिक मशीन की भेंट



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति द्वारा मंगलाना रोड़ पर नवनिर्माणित पीड़ित गौवंश सेवा केन्द्र में संकल्प यात्रा के दौरान राजकुमार सांखला ने अपनी स्वर्गीय माता उर्मिला देवी सैनी की स्मृति में आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक हरा चारा काटने वाली मशीन भेंट की। इसी दौरान जुसरी पंचायत के वार्डपंच चंद्रप्रकाश सोनी ने दस रुपए गौ वंश के चारे हेतु भेंट किए। इस मौके पर समिति के संरक्षक ठाकुर मोहन सिंह चौहान, संस्थापक पूरणमल कुमावत, अकिंत तँवर, सचिव प्रवीण चौहान, श्याम सुंदर पारीक, सीए राजीव सौलंकी, श्यामसिंह गुणावती, बाबूलाल सौलंकी, मुकेश सौलंकी, पशुधन सहायक मुकेश सिंगाड़िया सहित अन्य मौजूद थे।

# नेहरू इंटरनेशनल एकेडमी में मनाया गया संविधान दिवस



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** नेहरू इंटरनेशनल एकेडमी मारवाड़ मूंडवा में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक विमलेश यादव ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता डॉक्टर बी. आर. अम्बेडकर के बारे मे बच्चों को विस्तृत जानकारी दी एवं समस्त स्टाफ ने अपने -अपने विचार प्रस्तुत किये। सभी बच्चों को संविधान दिवस के हर्षोल्लास पर मिष्ठान वितरण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ दिलीप यादव, विनय कुमार, अजय प्रताप सिंह, अक्षय शर्मा, ज्योति सोनी, पूजा ढाबी, प्रीती यादव, निकिता मुंडेल, योगिता सेन आदि उपस्थित रहे ।

# वीर शहीदों के नाम रहा तापड़िया का रक्तदान शिविर

## 1111 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहित

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** भामाशाह बजरंगलाल तापड़िया के 89 वें जन्म दिन अवसर पर रक्तदान शिविर को देश के वीर सैनिकों के नाम कर सच्ची श्रद्धांजली पेश की है। इस अवसर पर रक्तदान शिविर में भाग लेकर युवाओं, महिला, विकलांग व पुलिसकर्मियों ने 1111 यूनिट रक्त का संग्रहन किया। तापड़िया ने बताया कि जन्मदिन अवसर पर समस्त नागरिकों का, देश के अलग-अलग हिस्सों में निवास करने वाले प्रवासियों, ग्राम जसवंतढ़ व सामाजिक संस्थाओं एंव सभी कार्यकर्ताओं का एंव विभिन्न शहरों बीकानेर, हनुमानगढ़, रतननगर, नागौर, डेगाना, अजमेर, सावर,जयपुर, खेतड़ी ,ब्यावर, टोंक ,पिलानी , भीलवाड़ा,पंडेर, मकराना, अलवर, सूरत, गुवाहाटी, भिवंडी, कोलकाता, नागपुर, भायंदर, बेंगलुरु जैसे स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन रक्तदान देने वाले लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर ग्राम रोडू में हाल ही में भारतीय सेना में अपना कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए जांबाज मुकेश कुमार लखारा एवम देश की रक्षा करने में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को अपना संपूर्ण रक्तदान कार्यक्रम समर्पित किया है।

# 66वीं जिला स्तरीय बालीबाल प्रतियोगीता का हुआ उद्घघाटन

## दो दिवसीय प्रतियोगिता का आज होगा समापन

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना की विवेकानंद मॉडल स्कूल मे शनिवार को जिला स्तरीय जुनियर ओर सीनियर बालक बालिकाओं की बालीबॉल प्रतियोगिता का उद्घघाटन कर शुभारंभ किया। उद्घघाटन समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय बॉलीबाल संघ के महासचिव अनिल चौधरी ने कहा की हमारे ग्रामीण क्षैत्रों में खैल प्रतिभाओं की कोई कमी नही है। बस उन्है क्षमता का प्रदर्शन करने का सही अवसर प्रदान करने की जरूरत है। उद्घघाटन समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान रामपाल महिया ने कहा की ऐसे आयोजनों से खिलाडी तैयार होते है। जो आगे चलकर विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन करते है। प्रधान प्रतिनिधि परसाराम चौयल ने कहा की ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाये रखना जरूरी है। तथा खैल प्रतियोगिताओं को सुचारू चलाये जाने के लिए उन्होंने भामाशाहों से भी बढ़चढ़ कर सहयोग करने का आह्वान किया। कांग्रेस सरकार के द्वारा आयोजित ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता से गांवों मे खेलों के प्रति उत्साह जाग्रत हुआ। बालीबाल संघ के सचिव रूघाराम महिया ने बताया की दो दिन तक चले वाली इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयु वर्ग में 11 महिला ओर 8 पुरूष टीमें तथा 17 आयु वर्ग में 20 पुरूष ओर 9 महिला टीमें भाग ले रही हे, जिसमे उद्घघाटन मेंच प्यारी देवी तापडिया जसवंतगढ ओर पालडी नागौर के बीच खैला गया। इसमें जसवंतगढ की बालिकाओं ने नागौर टीम को पछाड कर जीत हासिल की। आज प्रतियोगिता का समापन होगा। इस अवसर पर महासचिव अनिल चौधरी,पूर्व प्रधान रामपाल महिया, परसाराम चोयल, प्रिसींपल पूनाराम महिया, जिला सचिव रूघाराम महिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी मुण्डेल, प्रकाश कूंकणा ने भाग लिया।

# नि:शुल्क हड्डी व जॉइन्ट जांच शिविर आज

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महावीर इंटरनेशनल कुचामनसिटी के तत्वावधान श्रीमती गुणमालादेवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से अरिहन्त हेल्थ केयर सेन्टर में नि:शुल्क हड्डी, जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर रविवार को नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन होगा। शिविर प्रात: 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित होगा।

# कर्नाटक के दावणगेरे में खुला सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

बेंगलुरु।

कर्नाटक के दावणगेरे में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के एक केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र 10,00 वर्गफुट के क्षेत्र में फैला है। यहां विभिन्न सुविधाओं से युक्त 102 सीटों वाला पालना केंद्र , नेटवर्क परिचालन केंद्र, सम्मेलन केंद्र समेत अन्य सुविधाएं हैं।

# श्री करणी चिल्ड्रन एकेडमी में 'हैलोविन डे' मनाया गया

सुशील दिवाकर





**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** श्री करणी चिल्ड्रन एकेडमी में हैलोविन डे मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से नवी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने काले रंग के वस्त्र, विभिन्न प्रकार के डरावने मुखौटे पहनकर उपस्थित बच्चों का जमकर मनोरंजन किया। बच्चों द्वारा डरावना रूप का मेकअप किया गया। बच्चों ने जोक सुनाए, गाने गाए, नृत्य किया।अध्यापिकाओं द्वारा उन्हें कैंडिल वितरित की गई। निदेशक सुनीता कौशिक ने कहा कि वास्तव में यह दिन आपसी मेलजोल का दिन है। इस दिन बच्चे मस्ती भरी शरारतें करते हैं। इस दिन को मनाने का प्रमुख उद्देश्य यह है कि बच्चों के मन में अंधविश्वास, भ्रम, भूत-प्रेतों, के प्रति उन्हें दूर करके मनोरंजनात्मक तरीके से मनाना है। जीवन में छाए अंधेरे, अविश्वास व भ्रम को मनोरंजन व आपसी मेल जोल से दूर करना है। उपस्थित गणमान्य अभिभावक दिलीप सोनी व रामकिशोर ने स्कूल प्रधानाचार्य शिविका भारद्वाज, मंजू चौधरी, दीपा पारीक, कृष्णा शेखावत, कविता चौधरी,पूर्वी जाजू, अंजली शर्मा, संगीता शर्मा मौजूद रही।

# निकट भविष्य में अमूल दूध की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं : आर एस सोढ़ी

नई दिल्ली।



अमूल ब्रांड के तहत दूध का विपणन करने वाली सहकारी संस्थान गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) की निकट भविष्य में देश में दूध की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। संस्था के प्रबंध निदेशक (एमडी) आर एस सोढ़ी ने यह कहा। जीसीएमएमएफ, मुख्य रूप से गुजरात, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल और मुंबई के बाजारों में दूध बेचता है। यह सहकारी संस्थान प्रतिदिन 150 लाख लीटर से अधिक दूध बेचता है, जिसमें से दिल्ली-एनसीआर में लगभग 40 लाख लीटर दूध की बिक्री होती है। इस हफ्ते की शुरुआत में, मदर डेयरी ने लागत बढ़ने का हवाला देते हुए दिल्ली-एनसीआर के बाजार में फुल-क्रीम दूध की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर और टोकन दूध में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। यह पूछे जाने पर कि मदर डेयरी द्वारा दूध कीमतों में वृद्धि किये जाने के बाद क्या जीसीएमएमएफ की दूध की कीमतों में वृद्धि की कोई योजना है, सोढ़ी ने कहा, ''निकट भविष्य में कोई योजना नहीं है।''

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com